एक संदेशा श्याम प्रभु से कह देना

जाने वाले एक संदेशा श्याम प्रभु से कह देना,
एक दीवाना याद में रोए उसको दर्शन दे देना.....

जिनको बाबा श्याम बुलाए किस्मत वाले होते हैं,
जो बाबा से मिल नहीं पाते छुप-छुपकर वह रोते हैं,
जितनी परीक्षा ली है मेरी और किसी की ना लेना,
जाने वाले एक संदेशा......

तूने कौन सा काम किया है दर पर तुझे बुलाया है,
मैंने कौन सा पाप किया है दिल से मुझे भुलाया है,
एक बार मुझे दर पर बुला ले इतनी कृपा कर देना,
जाने वाले एक संदेशा......

मुझको यह विश्वास है दिल में मेरा बुलावा आएगा,
शीश का दानी दर्शन देकर मुझको गले लगाएगा,
उसको जाकर इतना कहना मेरा भरोसा टूटे ना,
जाने वाले एक संदेशा......

कैसा लगता है मेरा बाबा मुझको जरा बताओ तो,
क्या-क्या लीला करता है वह मुझको जरा सुनाओ तो,
बनवारी भक्तों की दुहाई मेरी तरफ से दे देना,
जाने वाले एक संदेशा......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29632/title/ek-sandesha-shyam-prabhu-se-keh-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |